चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 15.8.25 | 6 | 1-2 |


# राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है हमारा तिरंगा : प्रो. बीआर काम्बोज



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

हिसार • विज्ञप्ति : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली गई इस तिरंगा यात्रा को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति ने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता और सद्भावना का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है। उन्होंने बताया कि तिरंगा हमारे देश की आन-बान -शान का प्रतीक है, जिसके लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर जवानों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे तिरंगे के इतिहास को जाने, कि कितनी कुर्बानियों व कठिन प्रयासों के बाद हमें अपना राष्ट्रीय ध्वज लहराने का अवसर प्राप्त हुआ है। प्रो. काम्बोज ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, प्रगति और शांति का प्रतीक है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 15.8.25 | 2 | 2-4 |

# हकृवि में निकाली गई तिरंगा यात्रा




*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।*

हिसार, 14 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली गई इस तिरंगा यात्रा को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता और सद्भावना का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूक करना है।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा सहित सभी अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 15-8-25 | 5 | 5-6 |

# हकृवि सभी फसलों की वैज्ञानिक सलाह किसानों तक पहुंचा रहा : प्रो. काम्बोज

हिसार| एचएयू के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में विस्तार प्रबंधन विषय पर 21 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स आरंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बीआर काम्बोज इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। रिफ्रेशर कोर्स में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय और चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कुलपति ने अपने सम्बोधन में कहा कृषि में प्रौद्योगिकी के महत्व को देखते हुए नवीन उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों को किसानों तक पहुंचाना बहुत आवश्यक है जिसमें विस्तार विशेषज्ञों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा हकृवि लगातार सभी फसलों की वैज्ञानिक सलाह किसानों तक पहुंचा रहा है। वर्तमान समय में व्यक्तिगत संपर्क व समाचार-पत्रों के अतिरिक्त हमारे पास सोशल मीडिया, कम्यूनिटी रेडियों जैसे सूचना प्रचार-प्रसार के माध्यम उपलब्ध हैं जिनका उपयोग कृषि वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों द्वारा कृषि प्रौद्योगिकियों को किसानों के बीच पहुंचाने में किया जा रहा है, लेकिन इस प्रयास में सामाजिक व आर्थिक सूचकों को अवश्य ध्यान में रखना होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक ट्रिब्यून | 15.8.25 | 8 | 7-8 |


# वैज्ञानिक सलाह किसानों तक पहुंचा रहा है हकृवि : काम्बोज

हिसार, 14 अगस्त (हप्र)



प्रतिभागियों को संबोधित करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज। -हप्र

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में विस्तार प्रबंधन विषय पर 21 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स आरंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। रिफ्रेशर कोर्स में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय तथा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि कृषि में प्रौद्योगिकी के महत्व को देखते हुए नवीन उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों को किसानों तक पहुंचाना बहुत आवश्यक है जिसमें विस्तार विशेषज्ञों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि हकृवि लगातार सभी फसलों की वैज्ञानिक सलाह किसानों तक पहुंचा रहा है। वर्तमान समय में व्यक्तिगत संपर्क व समाचार-पत्रों के अतिरिक्त हमारे पास सोशल मीडिया, कम्यूनिटी रेडियों जैसे सूचना प्रचार-प्रसार के माध्यम उपलब्ध हैं जिनका उपयोग कृषि वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों द्वारा कृषि प्रौद्योगिकियों को किसानों के बीच पहुंचाने में किया जा रहा है, लेकिन इस प्रयास में सामाजिक व आर्थिक सूचकों को अवश्य ध्यान में रखना होगा। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि इस रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं विस्तार विशेषज्ञों के लिए किया गया है ताकि विस्तार प्रबंधन हेतु उनकी क्षमता ज्ञान में कौशल संवर्धन किया जा सके। डॉ. रेणु मुंजाल ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। मंच संचालन डॉ. अनुराग ने जबकि धन्यवाद प्रस्ताव आरपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल ने पारित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 15-8-25 | 4 | 7-8 |

## एचएयू में निकाली तिरंगा यात्रा




तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रो. बीआर कांबोज । स्रोत : संस्थान

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता और सद्भावना का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील कुमार लेगा, राष्ट्रीय सेवा योजना अवॉर्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस इंचार्ज डॉ. दीपक कौशिक मौजूद रहे। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 15-8-25 | 12 | 1-2 |

# राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है तिरंगा : प्रो. काम्बोज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता और सद्भावना का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूक करना है। तिंरगा राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है। इस अंवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा सहित सभी अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, उर्वशी, डॉ. विक्रम व डॉ. लोचन शर्मा मौजूद रहे।